हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 27 जून 2026

06 माफिया बेखौफः सड़क पर रेत डालकर हो ...



07 पॉक्सो मामलों के त्वरित निस्तारण में राजगढ़...






## खबर संक्षेप

### सीहोर बाइज ने सीहोर मिनी को 3-2 से हराया

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर खिलाड़ियों को मंच देने के लिए हर साल की तरह इस साल भी स्व. कैलाश सारंग की स्मृति में जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। लगातार दूसरे वर्ष भी यहां पर 12 टीमों के मध्य मुकाबले खेले जा रहे है। शनिवार को प्रतियोगिता को जूनियर वर्ग में आरएसआई-एमजी क्लब का प्रथम मैच खेला जाएगा। इसके अलावा शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में सीहोर बाइज ने सीहोर मिनी बाइज को 3-2 से हराया। प्रतियोगिता के 18 वे दिन दिन लीग मैच आयोजित किया जा रहे हैं सीहोर बाइज और सीहोर मिनी बाइज के मध्य मैच खेला गया जिसमें सीहोर बाइज 3-2 से विजय रहा, सीहोर बाइज की तरफ से अल्तमश ने 2 गोल किए आदित्य ने 1 गोल किया सीहोर मिनी बाइज की तरफ से अराफात-राज ने 1-1 गोल किया। आज कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा करेंगे उत्साहवर्धन एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शनिवार की शाम को जूनियर वर्ग में आरएसआई-एमजी और सीनियर वर्ग के मध्य मुकाबले खेले जाएंगे। इस मौके पर कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा के द्वारा यहां पर प्रशिक्षण और प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगे।

### बीजेपी पार्षद बोले, यह कांग्रेसी पार्षद पहले अपने वार्डों की हालत देखें, फिर राजनीतिक रोटियां सेंके

# सीवन पर गर्माई सियासतः 3 नोटिस के बाद भी नहीं सुधरा ठेकेदार, सीएमओ बोलेःअब ब्लैकलिस्ट करेंगे

कांग्रेस के आरोपों के बाद नगर पालिका सीएमओ व बीजेपी पार्षदों ने किया पलटवार, बोले: कांग्रेस सिर्फ राजनीतिक रोटियां सेंकना चाहती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अमृत 2.0 योजना के तहत शहर की सीवन नदी के किनारे हो रहे सौंदर्यीकरण और पिचिंग कार्य को लेकर राजनीति पूरी तरह गरमा गई है। कांग्रेस ने जहां इस पूरे प्रोजेक्ट में भारी भ्रष्टाचार और घोटाले के आरोप लगाते हुए नगर पालिका को घेरा है, वहीं नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी और बीजेपी पार्षद ने इन आरोपों पर पलटवार किया है। सीएमओ का कहना है कि लापरवाही बरतने पर ठेकेदार को पहले ही तीन नोटिस जारी किए जा चुके हैं, जबकि बीजेपी ने कांग्रेस के इस कदम को सिर्फ राजनीतिक रोटियां सेंकना बताया।

बता दें गुरुवार को कांग्रेस के जिला अध्यक्ष व पार्षद राजीव गुजराती, नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव ने सीवन नदी पहुंचकर चल रहे निर्माण कार्य का जमीनी निरीक्षण किया। मौके पर काम की बदहाली देखकर कांग्रेस नेताओं ने नगर पालिका प्रशासन पर गंभीर आरोप जड़े। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि नदी के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ की जा रही है और बिना किसी ठोस प्लानिंग के घटिया निर्माण कराया जा रहा है। बारिश का मौसम शुरू हो चुका है, लेकिन नदी किनारे काम पूरी तरह ठप पड़ा है। कांग्रेस ने इसे एक बड़ा



घोटाला बताते हुए अफसरों की चुप्पी पर सवाल उठाए।

### सीएमओ बोले, हम पहले ही दे चुके हैं नोटिस

कांग्रेस के आरोपों के बाद बैकफुट पर आने के बजाय नगर पालिका के सीएमओ सुधीर सिंह ने साफ शब्दों में अपनी स्थिति स्पष्ट की। सीएमओ ने माना कि ठेकेदार द्वारा किए जा रहे काम की गुणवत्ता खराब है और उसकी रफ्तार भी बेहद धीमी है। उन्होंने कहा कि मेसर्स चंद्र देवबिल्ड प्राइवेट लिमिटेड, भोपाल के प्रोपराइटर उदित राय को 9 अक्टूबर 2023 को 3.79 करोड़ रुपये का अनुबंध (टेंडर) दिया गया था। इस काम को 12 महीने में पूरा होना था, लेकिन 20 महीने बीत जाने के बाद भी काम अधूरा है। 9 महीने में ठेकेदार ने सिर्फ 35 लाख रुपये का काम किया है। सीएमओ ने बताया कि नगर पालिका की टीम ने दो बार खुद मौके पर जाकर निरीक्षण किया और ठेकेदार को अब तक तीन नोटिस थमाए जा चुके हैं।

आखिरी नोटिस 23 जून को दिया गया है, जिसमें 20 दिन के भीतर गुणवत्तापूर्ण काम पूरा न करने पर फर्म को ब्लैकलिस्ट करने, परफॉर्मेंस सिक्योरिटी जब्त करने और अनुबंध खत्म कर दूसरी एजेंसी से काम कराने की अंतिम चेतावनी दी गई है। नोटिस के बाद ठेकेदार ने काम बंद कर दिया है और उसे हटाने की तैयारी की जा रही है।

### अपने वार्डों की हालत देखें कांग्रेसी

बीजेपी पार्षद मुकेश मेवाड़ा ने कांग्रेस नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें दूसरों पर उंगली उठाने से पहले अपने खुद के वार्डों का विकास देखना चाहिए। उन्होंने कहा ये लोग अपने वार्डों की जनता पर ध्यान नहीं देते। स्वास्थ्य सभापति होने के नाते मेरे पास कई बार इनके ही वार्डों के नागरिकों के फोन आते हैं कि हमारे पार्षद चुनाव के बाद आकर झांक तक नहीं रहे हैं, आप हमारा काम करा दो। खुद के वार्ड बेहाल छोड़कर ये दूसरी जगहों पर जाकर केवल राजनीति चमका रहे हैं।

### कांग्रेस सिर्फ राजनीतिक रोटियां सेंक रही है

इस पूरे मामले में वार्ड क्रमांक 25 से बीजेपी पार्षद और नगर पालिका के स्वास्थ्य सभापति मुकेश मेवाड़ा ने कांग्रेस के तीनों पार्षदों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाले ये तीनों कांग्रेसी नेता हमारी ही परिषद के सदस्य हैं। यदि नदी पर कोई गलत कार्य चल रहा था तो राजनीतिक ड्रामा करने के बजाय उन्हें सबसे पहले हमारे अध्यक्ष जी, सीएमओ साहब या इंजीनियर से पूछना चाहिए था कि नपा ने क्या कार्रवाई की है, वे राहुल गांधी की तरह सबको 'पप्पू' समझते हैं। मेवाड़ा ने कहा कि नगर पालिका ने ठेकेदार की गड़बड़ी पर आंखें नहीं मूंद रखी थीं।

ठेकेदार को 14 मई को पहला नोटिस, 2 जून को दूसरा नोटिस और 23 जून को तीसरा अंतिम नोटिस दिया जा चुका है, जिसमें साफ कहा गया है कि सुधार न होने पर बिना जानकारी के ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। कांग्रेसी पार्षदों को यह बात पहले से पता थी, फिर भी वे सिर्फ अपनी राजनीति चमकाने के लिए वहां गए थे। आज उनके इस झूठ का पर्दाफाश कर हमने उनकी राजनीतिक रोटी पर पानी फेर दिया है।

## बुधनी में 0.68 इंच बारिश दर्जः सीहोर में 28-29 तक मानसून के आने की संभावना जारी

### भैरुंदा में सबसे ज्यादा 6.85 इंच बारिश

**सीहोर।** जिले में मानसून की आधिकारिक दस्तक से पहले ही प्री-मानसून गतिविधियों ने मौसम का मिजाज बदल दिया है। भू-अभिलेख विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में जिले में औसतन 0.11 इंच बारिश दर्ज की गई है। 1 जून से अब तक जिले में कुल औसत 4.40 इंच बारिश हो चुकी है, जो पिछले साल की इसी अवधि में हुई 5.44 इंच बारिश से कम है।

मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में प्रवेश कर चुका है। सीहोर और आसपास के क्षेत्रों में अगले 48 से 72 घंटों, यानी 28-29 जून के भीतर, मानसून के पूरी तरह सक्रिय होने की प्रबल संभावना है। इसके बाद जिलेभर में भारी बारिश का दौर शुरू होने की उम्मीद है।

**जून में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हुई बारिश :** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हुई बारिश की बात करें तो 1



जून से अब तक भैरुंदा क्षेत्र में सबसे अधिक 6.85 इंच बारिश दर्ज की गई है। इसके बाद इछावर में 5.82 इंच और बुधनी में 5.78 इंच वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

जिला मुख्यालय सीहोर में अब तक कुल 4.75 इंच बारिश हुई है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 4.26 इंच बारिश हुई थी। आष्टा क्षेत्र में कुल 3.34 इंच बारिश दर्ज की गई है, जिसमें पिछले 24 घंटों में हुई 0.04 इंच वर्षा शामिल है। जावर में अब तक कुल 3.19 इंच बारिश हुई है, जिसमें बीते 24 घंटों की 0.07 इंच वर्षा शामिल है।

रेहटी क्षेत्र में कुल 3.13 इंच पानी बरसा है, जहां पिछले 24 घंटों में 0.11 इंच बारिश दर्ज की गई। जिले के श्यामपुर क्षेत्र में इस सीजन में सबसे कम 2.33 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई है। पिछले 24 घंटों में बुधनी में सबसे अधिक 0.68 इंच बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, आने वाले दो दिनों में आसमान में घने बादल छाए रहेंगे और गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने का सिलसिला जारी रहेगा।

## नदियों को उनके मूल स्वरूप में वापस लाना उनका पूर्ण जीर्णोद्धार करना उद्देश्य : चावड़ा

**सीहोर।** शहर में करीब तीन महीने से चल रहा सीवन पुत्र-पुत्री अभियान राष्ट्रीय चर्चा का विषय बना रहा। 2015 से शुरू हुआ सीवन जन आंदोलन वर्ष 2026 में विराट जन अभियान का रूप ले चुका है। इस साल आंदोलन ने 5000 सीवन पुत्र-पुत्री बनाने का लक्ष्य तय किया है। मुहिम से धीरे-धीरे जन-जन जुड़ता गया। यह सीवन नदी के पुनरुद्धार का बड़ा प्रतीक बन गया।

सीवन पुत्र-पुत्री बनने के पीछे उद्देश्य नदी और प्रकृति से भावनात्मक रिश्ता बनाना है। जब मन जैसा रिश्ता नदी व प्रकृति से बनता है, तब कोई उसे अस्वच्छ नहीं करेगा। कचरा नहीं डालेगा। पूजन सामग्री नहीं डालेगा। अभियान की जानकारी देते हुए प्रदीप चावड़ा ने बताया कि आंदोलन का प्रमुख उद्देश्य नदियों को उनके मूल स्वरूप में वापस लाना है। उनका पूर्ण जीर्णोद्धार करना है। जल को पूरी तरह स्वच्छ बनाना है। उन्होंने सीवन नदी की वर्तमान स्थिति पर चिंता जताई। कहा, सीवेज और गंदे नालों का पानी सीधे नदी में मिल रहा है। इससे सीवन का जल अत्यधिक दूषित हो चुका है। इस पानी का उपयोग घरेलू काम में नहीं हो सकता। भगवान पर अभिषेक के लिए भी नहीं चढ़ाया जा सकता। इसी दुर्दशा को बदलने के लिए यह महा-अभियान चलाया जा रहा है। महिला, सैनिक, वृद्धों का सम्मान अभियान में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने कविताओं और लेखों के माध्यम से नदी की दशा और दर्द को अपने शब्दों में बताया, सीवन वाहन रैली, महिला सम्मान समारोह, पूर्व आर्मी सैनिकों का सम्मान, वृद्ध सम्मान, दीप महोत्सव, 18 किमी सीवन परिक्रमा यात्रा संत हरिराम दास महाराज के सानिध्य में पूरी हुई।

ये थी सीवन पुत्र-पुत्री टीमः अभियान को गति देने में प्रदीप चावड़ा, मुकेश राय, प्रकाश यादव, वैभव राठौर, कनीराम मालवीय, जगदीश वर्मा, राजकुमार सोनी, सुरेश भगत, अशोक नामदेव, हरीश आर्य, ब्रजेश पाराशर, विल्सन जैन, नितेश जायसवाल, उमेश चावड़ा, रवि महेश्वरी, देवेश सिसोदिया, अथर्व चावड़ा सीवन पुत्री के रूप में ज्योति चावड़ा, सुनीता सोनी, अलका कुशवाह, कनक परमार, प्रति सोनी, सोनिया सोनी, मधु राठौर, टीना चव्हाण, सीमा शर्मा आदि।

## परिजनों का आरोप- पहले पीटा, फिर फंदे पर लटकायाः महिला की संदिग्ध मौत, शरीर पर चोट के निशान होने का दावा

**सीहोर।** गुलजारी का बगीचा इलाके में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

मृतका के पिता और अन्य परिजनों का आरोप है कि घटना की जानकारी उन्हें काफी देर से दी गई। अस्पताल पहुंचने पर उन्हें बेटी की मौत की सूचना मिली। उनका कहना है कि मृतका के शरीर और पीठ पर चोट के निशान दिखाई दिए, जिससे उन्हें आशंका है कि पहले उसके साथ मारपीट की गई और बाद में उसे फंदे पर लटका दिया गया।

घटना से नाराज परिजनों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। उनका कहना है कि जब तक दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होती, तब तक वे अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की भी मांग की।

### पिता बोले- पहले मारपीट की फिर सूचना दी

मृतका के पिता जमना प्रसाद ने बताया कि उनकी बेटी मालती (30) की शादी वर्ष 2021 में हुई थी। उनका आरोप है कि ससुराल पक्ष अक्सर उससे विवाद करता था। उन्होंने दावा किया कि बेटी के शरीर पर मारपीट के



निशान हैं और उसे अस्पताल ले जाने के बाद ही उन्हें सूचना दी गई। उनके अनुसार, पहले बेटी के साथ मारपीट की गई और बाद में उसे फंदे पर लटका दिया गया। उन्होंने दोषियों की गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की है।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगा खुलासा

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेंगे। पुलिस परिजनों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कृषक हितग्राहियों को सायबर ठगों से सावधान करने की एडवाइजरी जारी

**सीहोर।** किसानों के कल्याण और कृषि विकास की हितग्राही मूलक योजनाओं के नाम पर साइबर ठगों से सावधान करने के लिये कृषि अभियांत्रिकी द्वारा एडवाइजरी जारी की है। संचालक अभियांत्रिकी ने बताया कि कस्टम हायरिंग सेंटर योजना का लाभ दिलाने के नाम पर स्वयं को विभागीय अधिकारी के रूप में अपना परिचय देकर सायबर ठगी करते है। ऐसे प्रकरण सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषक हितग्राही योजनाओं के अंतर्गत कस्टम हायरिंग योजना की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी है। इस प्रक्रिया में किसी भी हितग्राही से योजना संबंधी संपर्क नहीं किया जाता है। संचालक कृषि अभियांत्रिकी ने हितग्राहियों से अपेक्षा की है कि वे अनजान नंबरों से आने वाले कॉल, वॉट्सऐप कॉल/वीडियो कॉल/अन्य सोशल मीडिया से प्राप्त होने वाले कॉल नंबर जिनमें मुख्यतः 07056847570, 07088438459, 0756847570, 9520711020 हो तो उन्हें बिल्कुल भी न उठाये जाए। अनजान व्यक्तियों पर विश्वास न करें, उनसे किसी भी प्रकार की सूचना व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें।

### महाकुंभ कांवड़ यात्रा की तैयारियां शुरू, आगामी दिनों में होगी बैठक

# कुबेरेश्वरधाम पर आज लगाया जाएगा 10 क्विंटल से अधिक मावे के लड्डूओं का भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम में आयोजित होने वाली विशाल कांवड़ यात्रा की रूपरेखा तैयार कर ली गई है, जिसमें पूरे सावन के दौरान शिवभक्तों के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। आगामी दिनों में इस संबंध में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में प्रशासन, विठलेश सेवा समिति, स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा क्षेत्रवासियों की बैठक का आयोजन किया जाना है। कांवड़ यात्रा आगामी 30 जुलाई से शहर के सीवन नदी के तट से आरंभ हो जाएगी और पूरे सावन मास में निरंतर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पैदल 11 किलोमीटर का सफर तय कर धाम पर पहुंचकर विशेष पूजा अर्चना करेंगे।

धाम करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का मुख्य केन्द्र होने के कारण नियमित रुप से हजारों की संख्या में श्रद्धालु धाम पर आते है। इनके निशुल्क भोजन-प्रसादी, पेयजल और शौचालय आदि की व्यवस्था विठलेश सेवा



समिति के द्वारा की जा रही है। मंदिर परिसर में शुक्रवार को भी करीब 30 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे थे। जिनके भोजन प्रसादी की व्यवस्था पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य ने की।

वहीं शनिवार को प्रदोष के पावन अवसर पर यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 11 क्विंटल से अधिक मावे के लड्डूओं का भोग लगाकर भोजन-प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### लगातार एक माह तक जारी रहेगी कांवड़ यात्रा

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि कुबेरेश्वरधाम में कांवड़ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। तैयारियों के बीच पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बनना शुरू हो गया है और शिवभक्त यात्रा के शुभारंभ का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हर-हर महादेव के जयघोष के साथ इस वर्ष भी कांवड़ यात्रा आस्था का भव्य संगम बनने जा रही है। श्रावण मास के पावन अवसर पर एक महीने का कांवड मेला आयोजित किया जाएगा।

इसमें तीन अगस्त प्रथम सोमवार को समिति, 10 अगस्त को मध्यप्रदेश इंफ्लुएंसर द्वारा कांवड यात्रा, 17 अगस्त को कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा के सानिध्य में और 25 अगस्त को भव्य कांवड यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कांवड़ यात्रियों के लिए मार्ग में पेयजल, विश्राम, चिकित्सा सहायता, सुरक्षा एवं प्रसादी वितरण की विशेष व्यवस्था की जा रही है। साथ ही कुबेरेश्वरधाम परिसर को आकर्षक सजावट एवं विद्युत रोशनी से सजाया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग, यातायात एवं आवागमन की व्यवस्थाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## ग्रामीण नल जल योजनाओं के संचालन, संधारण और प्रबंधन के लिए गठित होंगी जल समितियां

**सीहोर।** ग्रामीण नल जल योजनाओं के संचालन, संधारण एवं प्रबंधन के लिए राज्य सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के तहत जल समितियां गठित की जाएगी। ग्राम पंचायतों में जल आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने और योजनाओं के सुचारू संचालन के उद्देश्य से इन समितियों का गठन किया जाएगा।

नियमों के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम सभा की अनुशंसा एवं पंचायत की स्वीकृति के आधार पर जल समिति का गठन किया जाएगा। पेसा अधिनियम, 1996 के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में ग्राम सभाओं की अनुशंसा के आधार पर समिति गठित होगी। यदि किसी ग्राम पंचायत में पूर्व से नल जल योजना के संचालन एवं संधारण के लिए कोई समिति गठित है, तो उसका पुनर्गठन नए नियमों के अनुसार किया जाएगा। समिति गठन का आदेश पंचायत सचिव द्वारा जारी किया जाएगा।

जल समिति में सरपंच पदेन अध्यक्ष होंगे, जबकि पंचायत सचिव समिति के पदेन सचिव रहेंगे। ग्राम रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा कार्यकर्ता समिति के पदेन सदस्य होंगे। समिति में नामांकित सदस्यों की संख्या अधिकतम 20 होगी। ग्राम पंचायत के प्रत्येक वार्ड से एक व्यक्ति को समिति में सदस्य बनाया जाएगा, जो संबंधित उपभोक्ता परिवार से होना आवश्यक होगा। समिति में ग्राम पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधियों की भागीदारी 25 प्रतिशत रहेगी। जल समिति में महिलाओं को न्यूनतम 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रतिनिधियों का चयन ग्राम पंचायत की जनसंख्या के अनुपात में किया जाएगा। लगातार तीन बैठकों में बिना उचित कारण एवं सूचना के अनुपस्थित रहने वाले सदस्य की सदस्यता समाप्त की जा सकेगी। ऐसे सदस्य के स्थान पर नियमानुसार नए सदस्य के नामांकन की अनुशंसा ग्राम पंचायत को की जाएगी। जल समितियां ग्रामीण क्षेत्रों में नल जल योजनाओं की निगरानी, संचालन और संधारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, जिससे ग्रामीणों को नियमित एवं बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

## खबर संक्षेप



### प्रधान जिला न्यायाधीश ने सब जेल का किया निरीक्षण

**भैरुंदा।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल ने भैरूंदा सब-जेल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जेल में नशामुक्ति एवं विधिक साक्षरता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। उन्होंने बंदियों को नशामुक्ति के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि नशे की लत जीवन को बर्बाद कर देती है एवं कई अपराध नशे के कारण होते हैं। उन्होंने बंदियों से कहा कि यदि आप नशा छोड़ना चाहते हैं तो पूरे मन से संकल्प लें। इस अवसर पर सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह ने बंदियों को बताया कि यदि वे नशा छोड़ना चाहते हैं तो उनकी लत निशुल्क नशा मुक्ति केंद्र के माध्यम से छुड़ाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सदैव उनकी मदद करेगा। इस दौरान उन्होंने नालसा डॉन स्कीम के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। शिविर में बंदियों के विधिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई, बंदियों से स्वास्थ्य की जानकारी ली गई एवं संपूर्ण जेल का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बंदियों की समस्याओं को सुना और यथोचित निराकरण भी किया।

### लोगों का आरोप है कि प्रशासन और पुलिस की नाक के नीचे यह सब हो रहा है, नहीं होती कोई ठोस कार्रवाई

# माफिया बेखौफः सड़क पर रेत डालकर हो रहा कारोबार, आमजन और वाहन चालक परेशान

### छीपानेर मुक्तिधाम को भी नहीं छोड़ा, आस पास पर लगा दिए रेत के बड़े बड़े ढेर, शव के अंतिम संस्कार करने के लिए भी लोगों को भी उठानी पड़ रही मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

तहसील भैरुंदा के छीपानेर से लेकर चौरसाखेड़ी और आसपास के गांवों में इन दिनों रेत माफियाओं का दबदबा साफ दिखाई दे रहा है। हालात ऐसे बन गए हैं कि अब उन्हें प्रशासन का कोई डर नहीं रह गया है। आम लोगों के चलने के लिए बनी सड़क को ही उन्होंने अपने कारोबार का जरिया बना लिया है, जिससे रोजाना राहगीरों और ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

दिन के समय ट्रैक्टर-ट्रॉली के जरिए रेत लाकर सड़क पर खुलेआम डंप की जाती है। इसके बाद रात में उसी रेत को डंपरों में भरकर बाहर भेज दिया जाता है। छीपानेर से रानीपुरा-चौरसाखेड़ी और खासकर ग्राम नारायणपुरा के मुख्य मार्ग पर जगह-जगह रेत के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए हैं। कई जगह तो सड़क के बीचों-बीच रेत डाल दी गई है, जिससे रास्ता संकरा हो गया है।

स्थिति तब और खराब हो जाती है जब ट्रैक्टर-ट्रॉली को सड़क के बीच में खड़ा कर दिया जाता है। रेत भरने के दौरान पूरी सड़क बंद हो जाती है और लोगों को घंटों तक इंतजार करना पड़ता है। स्कूल जाने वाले बच्चे, काम पर जाने वाले लोग और मरीजों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सबसे ज्यादा संवेदनशील मामला छीपानेर मुक्तिधाम के रास्ते का है। यहां भी रेत माफियाओं ने सड़क पर कब्जा कर लिया है और रेत के ढेर लगा दिए हैं। इससे अंतिम संस्कार के लिए शव लेकर जाने वाले लोगों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह बेहद दुखद और शर्मनाक स्थिति है, जहां अंतिम यात्रा तक में बाधा आ रही है।



**भैरुंदा।** नारायणपुरा मार्ग पर रेत का स्टॉक करते हुए टैक्टर-ट्राली।



**भैरुंदा।** सड़क पर रेत माफियाओं का कब्जा रेत के बड़े बड़े ढेर लगा दिए

#### लगातार जारी है अवैध रेत उत्खनन

मुक्तिधाम क्षेत्र में आसपास के कई गांवों के लोग अंतिम संस्कार के लिए आते हैं। बारिश के मौसम में यहां पहले से ही परेशानी रहती है, ऊपर से रास्ता बाधित होने से स्थिति और भी खराब हो गई है।इधर नर्मदा घाटों से लगातार अवैध रेत उत्खनन भी जारी है। वहां से सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉली रेत भरकर लाई जाती है और सड़क किनारे जमा कर दी जाती है। सड़क पर फैली रेत के कारण दोपहिया वाहन चालक फिसलकर गिर रहे हैं। कई लोग घायल भी हो चुके हैं और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है।

एक और गंभीर बात यह है कि रेत ढोने वाले कई ट्रैक्टर-ट्रॉली बिना नंबर प्लेट के चल रहे हैं। कुछ चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं है, वहीं नाबालिग भी वाहन चलाते देखे जा रहे हैं। ऐसे में यदि कोई बड़ा हादसा होता है तो जिम्मेदार की पहचान करना मुश्किल हो सकता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन और पुलिस इस पूरे मामले से अनजान बने हुए हैं। न तो नियमित जांच की जा रही है और न ही रेत माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो रही है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है और लोग जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

#### जल्द ही कार्रवाई की जाएगी

इस संबंध में जानकारी मिली है। जल्द ही राजस्व विभाग की टीम मौके पर भेजी जाएगी और सड़क पर रेत का अवैध स्टॉक करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**सुधीर कुशवाह**, एसडीएम

## गोपालपुर थाना क्षेत्र में अवैध शराब व गांजे का कारोबार चरम पर, पुलिस की कार्रवाई पर उठे सवाल



**भैरुंदा।** तहसील भैरुंदा के थाना गोपालपुर क्षेत्र में इन दिनों अवैध शराब और मादक पदार्थों की बिक्री खुलेआम हो रही है। गांव-गांव में यह कारोबार तेजी से फैलता जा रहा है, जिससे आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। खासकर महिलाओं और बच्चों पर इसका असर साफ देखा जा रहा है। इसके बावजूद पुलिस की कार्रवाई को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में देशी-विदेशी शराब और गांजे की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। कई गांवों की महिलाएं इस समस्या को लेकर थाना गोपालपुर पहुंचकर आवेदन दे चुकी हैं, लेकिन उनकी शिकायतों पर ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। लोगों का आरोप है कि पुलिस केवल औपचारिक कार्रवाई कर रही है, जिससे अवैध कारोबारियों के हौसले और बढ़ते जा रहे हैं। महिलाओं का कहना है कि शराब की वजह से घरों में विवाद बढ़ रहे हैं और युवाओं के साथ-साथ छोटे बच्चे भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। इसके चलते गांव का माहौल बिगड़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से कई बार सख्त कार्रवाई की मांग की, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

इधर, पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाने का दावा जरूर किया जा रहा है। हाल ही में गोपालपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दीपक पिता अनिल यादव और सागर पिता गजानंद यादव, दोनों निवासी गोपालपुर को पकड़कर उनके पास से करीब 850 ग्राम गांजा जब्त किया, जिसकी कीमत लगभग 12 हजार रुपये बताई जा रही है। इसके साथ ही आरोपियों के पास से करीब 70 हजार रुपये कीमत की बजाज पल्सर मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। कुल मिलाकर करीब 82 हजार रुपये का मशरूका बरामद किया गया है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उनके एक अन्य साथी राहुल यादव निवासी अतरालिया की तलाश की जा रही है।

हालांकि, इस कार्रवाई के बावजूद स्थानीय लोगों का कहना है कि यह केवल छोटी-मोटी कार्रवाई है, जबकि बड़े स्तर पर चल रहे अवैध कारोबार पर अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि बड़े माफिया अब भी बेखौफ होकर अपना काम कर रहे हैं और पुलिस की नजर उन तक नहीं पहुंच रही है।

### एमपी टास्क पोर्टल की अंतिम तिथि 30 तक

**सीहोर।** जिले में संचालित अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के छात्रावास और आश्रमों का **MP TAASC** मॉड्यूल के माध्यम से संचालन किया जा रहा है। शिक्षण सत्र 2026-27 में जो विद्यार्थी छात्रावास में प्रवेश लेना चाहते है, वे छात्रावास में प्रवेश के पहले अपना प्रोफाइल पंजीयन करा लें, बिना प्रोफाइल पंजीयन के छात्रावास में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। पंजीयन के लिए वेबसाईट पर जाकर नया हितग्राही प्रोफाइल पंजीकरण किया जा सकता है। विद्यार्थी जिस छात्रावास में प्रवेश लेना चाहते है उस छात्रावास से निःशुल्क आवेदन फार्म प्राप्त करें और पूर्ण भरा हुआ आवेदन फार्म आवश्यक दस्तावेजों के साथ (जैसे-जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी समग्र आईडी, आधार नंबर, प्रोफाइल पंजीयन, बैंक खाते की पासबुक, पिछली कक्षा की अंकसूची) छात्रावास में अधीक्षक के पास 30 जून 2026 तक जमा करा सकते है।

## श्री नृसिंह मानस मंडल ने दी भजनों की प्रस्तुति



**सीहोर।** लगातार 35 सालों से श्री नृसिंह मानस मंडल के तत्वाधान में शहर के प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में प्रत्येक ग्यारस पर भजन संध्या का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी दो दिवसीय भजन संध्या का समापन शुक्रवार को किया गया। इस मौके पर भगवान का फूलों से श्रृंगार कर निर्जला एकादशी का पर्व मनाया गया। इस मौके पर मंदिर के संत माधवदास महाराज, संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट, सुनील राय, मनोज दीक्षित मामा आदि ने मंडल के दुर्गेश यादव, विष्णु सेन, देवी सिंह, मिथलेश शर्मा, जसवंत ठाकुर, रमेश मेवाड़ा, विनित विश्वकर्मा आदि का स्वागत सम्मान किया।

इस मौके पर संत माधव महाराज ने कहाकि निर्जला एकादशी का व्रत ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को किया जाता है। हिन्दू धर्म में एकादशी व्रत का मात्र धार्मिक महत्त्व ही नहीं है। ये व्रत मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के नज़रिए से भी बहुत महत्त्वपूर्ण है। एकादशी का व्रत भगवान विष्णु की आराधना को समर्पित होता है। इस एकादशी का व्रत करके श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार दान करना चाहिए। इस दिन विधिपूर्वक जल कलश का दान करने वालों को पूरे साल की एकादशियों का फल मिलता है। इस प्रकार जो इस पवित्र एकादशी का व्रत करता है, वह समस्त पापों से मुक्त हो जाता है।

एक बार बहुभोजी भीमसेन ने व्यासजीके मुख से प्रत्येक एकादशी को निराहार रहने का नियम सुनकर विनम्र भाव से निवेदन किया कि महाराज! मुझसे कोई व्रत नही किया जाता। दिन भर बड़ी तीव्र क्षुधा बनी ही रहती है। अतः आप कोई ऐसा उपाय बतला दीजिये जिसके प्रभाव से स्वतः सद्गति हो जाय। तब व्यासजी ने कहा कि तुमसे वर्षभर की सम्पूर्ण एकादशी नहीं हो सकती तो केवल एक निर्जला कर लो, इसीसे सालभर की एकादशी करने के समान फल हो जाएगा।

## भाजपा ने मनाया काला दिवस, लोकतंत्र सेनानियों को किया गया सम्मानित



**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी सीहोर द्वारा भाजपा जिला कार्यालय पर काला दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

तत्पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी विकास विरानी ने कहा कि 25 जून 1975 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का वह काला अध्याय है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा लगाया गया आपातकाल संविधान की मूल भावना, नागरिक अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा प्रहार था। सत्ता के अहंकार में लाखों देशभक्तों, पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विपक्षी नेताओं को जेलों में डाल दिया गया तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी काला दिवस के माध्यम से उन लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान को नमन करती है, जिन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए कठिन यातनाएं सहन कीं, लेकिन अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। वर्तमान पीढ़ी को आपातकाल की वास्तविकता से अवगत कराना तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण के लिए जागरूक करना हम सभी का दायित्व है। इसके बाद जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय लोकतंत्र की मजबूती उन अनगिनत लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष का परिणाम है, जिन्होंने आपातकाल के दौरान अन्याय और तानाशाही के विरुद्ध आवाज बुलंद की। आज का दिन हमें यह स्मरण कराता है कि लोकतंत्र केवल शासन व्यवस्था नहीं, बल्कि देशवासियों की आस्था और अधिकारों का प्रतीक है। भारतीय जनता पार्टी सदैव लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान की गरिमा और राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना के साथ कार्य करती रही है। आपातकाल के दौरान संघर्ष करने वाले मीसाबंदियों एवं उनके परिवारजनों का सम्मान करना हमारे लिए गौरव का विषय है तथा उनके त्याग से प्रेरणा लेकर हमें लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए। इसके पश्चात मीसाबंदियों एवं उनके परिवारजनों का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। मीसाबंदियों में प्रमुख रूप से रमेश राठौर, लीलाधर मिश्रा, बालकृष्ण नामदेव, सुदर्शन महाजन, अशोक महाजन, राजमल मेवाड़ा, कस्तूरचंद्र परिहार तथा हरिदयाल सक्सेना के परिवारजन शामिल रहे। कार्यक्रम की प्रस्तावना गगन नामदेव द्वारा रखी गई।

इसमें अतिथियों के अतिरिक्त प्रमुख रूप से नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा नेता सन्नी महाजन, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, जसपाल अरोरा, विपिन सास्ता, राजकुमार गुप्ता, नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति एवं सुशील ताम्रकार मंचासीन रहे। इसके अतिरिक्त भाजपा कार्यालय मंत्री आशीष पचौरी, जिला मीडिया प्रभारी प्रितेश राठौर, भाजपा नेता रवि नागले, सह प्रभारी पवन जैन, हरीश राठौर सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### गौमाता की रक्षा के लिए अपने प्राण भी अर्पित कर देंगेः पं. मोहितराम पाठक

**सीहोर ।** आदि अनादि काल से भारतीय संस्कृति में गौमाता को माँ का दर्जा दिया गया है। हमारे वेद, पुराण और शास्त्रों में गौमाता को ईश्वर के समान पूज्यनीय बताया गया है। इसी सनातन परंपरा को जीवित रखते हुए श्रीराम गौशाला गौतीर्थ चिकित्सालय परिसर, सीहोर में प्रतिदिन बीमार, पीड़ित और दुर्घटनाग्रस्त गौमाताओं का उपचार एवं जटिल ऑपरेशन किए जा रहे हैं। यह पुण्य कार्य कथा व्यास, परम गौभक्त एवं क्रांतिकारी राष्ट्रीय संत पंडित मोहितरामजी पाठक के सानिध्य में निरंतर चल रहा है। उनके मार्गदर्शन में समर्पित डॉक्टरों की टीम दिन-रात गौसेवा में लगी हुई है। इस टीम में डॉ. मनोहर घावरी, सौरभ राठौर, रोहन यादव, जितेंद्र नारोलिया, शुभम मालवीय, जितेंद्र परमार, वीरेंद्र मालवीय, मनीष नामदेव, राजकुमार मालवीय, विजय नामदेव सहित अनेक गौसेवक तन-मन-धन से सेवा में जुटे हुए हैं। पंडित मोहितरामजी पाठक ने कहा कि गौमाता की रक्षा के लिए यदि हमें अपने प्राण भी देने पड़ें, तो हम पीछे नहीं हटेंगे। उनका यह संकल्प केवल शब्द नहीं, बल्कि हर दिन की सेवा में साकार होता दिखाई देता है। लेकिन एक ओर जहां गौशालाओं में सेवा और समर्पण की गंगा बह रही है, वहीं दूसरी ओर समाज में गौमाता के साथ हो रही अमानवीय घटनाएं अत्यंत पीड़ादायक हैं। जगह-जगह गौमाताएं कचरे के ढेर में प्लास्टिक और करकट खाने को मजबूर हैं। कई स्थानों पर उन्हें मारा-पीटा जाता है, और गौहत्या जैसी घटनाएं आज भी देश की आत्मा को



झकझोर रही हैं। हजारों गौमाताएं हर दिन सूरज की पहली किरण के साथ इस पावन भारत भूमि पर असहाय अवस्था में कष्ट झेल रही हैं। इतिहास साक्षी है कि मालवा की पुण्यश्लोका महारानी माता अहिल्याबाई होल्कर ने गौमाता की रक्षा और सेवा का जो व्रत लिया था, उसे पूरी निष्ठा से निभाया। आज उसी परंपरा को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। समाज के हर वर्ग को यह समझना होगा कि गौमाता केवल एक पशु नहीं, बल्कि हमारी आस्था, संस्कृति और जीवन का आधार है।

### विशाल जनजागरुकता रैली निकालकर दिया नशामुक्ति का संदेश

# हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर कर लिया गया नशा मुक्त भारत बनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सामाजिक न्याय विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस के अवसर पर "नशा मुक्त भारत अभियान" अंतर्गत सीहोर में जनजागरूकता रैली एवं जागरूकता सभा का आयोजन किया गया। यह जनजागरूकता रैली आवासीय खेलकूद संस्थान से प्रारंभ हुई और पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में रैली का समापन हुआ।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बताया गया कि "नशा मुक्त भारत अभियान" का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर युवाओं को नशे की लत से दूर कर स्वस्थ, सुरक्षित एवं सशक्त समाज का निर्माण करना है। नशे के विरुद्ध जनभागीदारी ही इस अभियान की सबसे बड़ी शक्ति है। इस अवसर पर अतिथियों ने हस्ताक्षर अभियान में




भाग लेकर सभी को नशामुक्ति का संकल्प दिलाया और सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी ली।

कार्यक्रम में नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत 17 जून से 26 जून 2026 तक आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

अभियान के दौरान मिनी मैराथन, नुक्कड़ नाटक, रंगोली, स्लोगन लेखन, निबंध लेखन, चित्रकला, हस्ताक्षर अभियान, सेल्फी पॉइंट सहित अनेक जनजागरूकता गतिविधियां जिले की शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं में आयोजित की गई थीं। रैली में ऑक्सफोर्ड स्कूल बैंड द्वारा आकर्षक एवं प्रेरणादायी प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में समाजसेवी अरुणा सुदेश राय, सुदीप प्रजापति, आवासीय प्राचार्य आलोक शर्मा अंकुर शर्मा, ओम शांति, सहायक संचालक महेश यादव सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, स्कूल कॉलेजों के विद्यार्थी, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षक और बड़ी संख्या में नागरिक शमिल हुए।


ऐजेन्सी देना है। हरिभूमि
सिहोर जिले में ऐजेन्सी देना है ।
आष्टा, शाहगंज, लाडकुई, बिलकिसगंज, डोबी, श्यामपुर
पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल
मो.: 8770833858, 9755123912

नवीन न्याय संहिता में 60 दिवस में विवेचना पूर्ण करने वाले शीर्ष जिलों में भी शामिल

# पॉक्सो मामलों के त्वरित निस्तारण में राजगढ़ बना प्रदेश का नंबर-1 जिला

*मुख्य सचिव की समीक्षा में मिली प्रशंसा, संवेदनशील जिले में बेहतर कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर दी बधाई*






हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

मुख्य सचिव द्वारा आयोजित कानून-व्यवस्था, नवीन न्याय संहिता एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के क्रियान्वयन संबंधी समीक्षा बैठक में राजगढ़ जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई। बैठक में बताया गया कि पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत प्रकरणों का दो माह के भीतर निराकरण करने में राजगढ़ जिले ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिसके लिए पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन की प्रशंसा मुख्य सचिव द्वारा की गई। इसके अतिरिक्त भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के अंतर्गत प्रकरणों की विवेचना 60 दिवस के भीतर पूर्ण कर निराकरण करने में भी राजगढ़ जिला प्रदेश के शीर्ष 10 जिलों में शामिल हुआ है।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर जिले को बधाई देते हुए जिला पुलिस प्रशासन के कार्यों की प्रशंसा की गई। मुख्य सचिव ने राजगढ़ जैसे संवेदनशील जिले में प्रभावी कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को विशेष रूप से बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिले में शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने हेतु किए जा रहे समन्वित प्रयास सराहनीय हैं।

### आपराधिक प्रकरणों एवं अपराध नियंत्रण पर की समीक्षा

बैठक में विभिन्न आपराधिक प्रकरणों एवं अपराध नियंत्रण संबंधी कार्यवाहियों की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने गंभीर एवं संवेदनशील प्रकरणों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अवैध खनन, खनिजों के अवैध परिवहन तथा अवैध भंडारण के विरुद्ध की जा रही कार्यवाहियों की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को समन्वित रूप से सख्त कार्यवाई जारी रखने के निर्देश दिए।बैठक में शैक्षणिक परिसरों को ड्रग फ्री जोन घोषित करने हेतु की जा रही कार्यवाहियों की समीक्षा की गई।

### सांप्रदायिक सौहार्द, सामाजिक समरसता एवं शांति बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता

आगामी मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने अधिकारियों को सभी धर्मों एवं समुदायों की भावनाओं का सम्मान करते हुए संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द, सामाजिक समरसता एवं शांति बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। त्योहार के दौरान सभी आवश्यक सुरक्षा एवं समन्वयात्मक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं ताकि किसी भी प्रकार की तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न न हो। इस दौरान कलेक्टजर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, वन मण्डौधिकारी बेनी प्रसाद दोतानिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### सीमांकन एवं बंटवारा प्रकरणों की हुई समीक्षा

बैठक में राजस्व विभाग से संबंधित सीमांकन एवं बंटवारा प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा आमजन को राजस्व संबंधी सेवाओं का त्वरित लाभ उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही सीएम हेल्पजलाईन में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

रॉयल हाईट्स स्कूल में जागरुकता अभियान

## पुलिस ने साइबर अपराधों से बचाव की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

मप्र पुलिस द्वारा संचालित सेफ क्लिक 2.0 सुरक्षित क्लिक, सुरक्षित जीवन , साइबर सुरक्षा जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत रॉयल हाईट्स हायर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव एवं डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी होकमसिंह मीणा, एसआई संतोष सिंह, एएसआई दिनेश महावर एवं पुलिस विभाग की टीम ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के विभिन्न प्रकार, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपाय, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा डिजिटल लेन-देन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी।

**1930 पर तुरंत करें शिकायतः** अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बताया कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी या संदिग्ध गतिविधि होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर '1930' पर संपर्क करें। इसके अलावा नजदीकी थाने में भी सूचना दी जा सकती है। इस अवसर पर संस्था संचालक रणधीर सिंह ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा की जानकारी प्रत्येक विद्यार्थी के लिए अत्यंत आवश्यक है। जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विद्यालय परिवार की ओर से पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया और ऐसे कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने की अपील की। संचालन खेल शिक्षक अरविन्द बंसल ने किया।

## घर घुसकर चांदी की पायल चुराने वाले युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा, लोहे की रॉड से दागा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

राजगढ़ जिले के कालीपीठ थाना क्षेत्र के खारपरस गांव में एक 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला के घर में घुसकर चांदी की पायल लूटने का मामला सामने आया है। लूट के आरोप में पकड़े गए युवक गोविंद वर्मा को ग्रामीणों ने ट्रैक्टर से बांधाकर गर्म तार से दांगा गया। इस अमानवीय घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेकर चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक गांव के देवराज सौंधिया, लखन सौंधिया, रामबाबू सौंधिया, सुमन सौंधिया ने युवक के साथ मारपीट कर विडियो बनाकर वायरल किया है। उक्त चार लोगों के खिलाफ मारपीट, एससी/एसटी एक्ट की धारा में मामला दर्ज किया है। वहीं गोविंद वर्मा ने भी घर में घुसकर जो चोरी की घटना को अंजाम देने पर लुटपाट करने का प्रकरण बनाया है।

**बुजुर्ग महिला से लुटी चांदी की पायल :** खारपरस गांव में एक 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला के घर में घुसकर आरोपी ने कथित रूप से चांदी पायल लूटी थी।

**ग्रामीणों द्वारा प्रताड़नाः** घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आरोपी युवक को पकड़कर एक ट्रैक्टर से बांध दिया और उसके साथ अमानवीय तरीके से मारपीट की। भीड़ में आरोपी के शरीर को गर्म तार से दागा, जिसका वीडियो तेजी से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लूट के आरोपी पर मामला दर्ज किया। और उसे प्रताड़ित करने वाले ग्रामीणों की पहचान कर 4 आरोपियों के खिलाफ भी केस दर्ज कर लिया है।कानून हाथ में लेने वाले ग्रामीणों और लूट के आरोपी, दोनों के खिलाफ पुलिस छानबीन और कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### जांच चल रही...

लूट के आरोप में पकड़ाए युवक से मारपीट करने वाले चार लोगों के खिलाफ प्रकरण बना है। वहीं घर में घुसकर चोरी कर रहे युवक पर भी प्रकरण बना। फिलहाल मामला में दोनों एंगल से जांच चल रही है।

**जितेन्द्र अजनारे**, थाना प्रभारी कालीपीठ।

### अज्ञात कार ने स्कूटी को मारी टक्कर, युवक घायल

**गुना।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत एबी रोड पर वंदना स्कूल के सामने एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार युवक घायल हो गया है। फरियादी विशाल अहिरवार निवासी साईं सिटी कॉलोनी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, विशाल बुधवार रात करीब 11:30 बजे अपनी स्कूटी से महिंद्रा शोरूम से शिक्षा विभाग के सामने स्थित अपनी दुकान पर जा रहा था। तभी वंदना स्कूल के पास सामने से आ रही एक अज्ञात कार के चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए स्कूटी में टक्कर मार दी। विशाल के दाहिने हाथ, पैर, कलाई और आंख के पास चोटें आई हैं।

## समग्र शिक्षा अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न नामांकन अपार आईडी में तेजी लाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय समीक्षा बैठक गुरूवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा ली गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, डीपीसी, सहायक परियोजना समन्वयक, एपीसी, समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड समन्वयक एवं जनशिक्षक उपस्थित रहे। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत विद्यालयों में नामांकन, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण, अपार आईडी निर्माण, ड्रॉपआउट विद्यार्थियों की पुनः विद्यालय में वापसी, विभिन्न विभागीय सर्वे कार्यों तथा विद्यालय संचालन संबंधी गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने विशेष रूप से कक्षा 1 में नवीन प्रवेश, कक्षा 1 से 8 तक कुल नामांकन, पाठ्यपुस्तक वितरण, अपार आईडी निर्माण एवं स्मार्ट कक्षाओं के प्रभावी संचालन की विकासखंडवार एवं जनशिक्षा केन्द्रवार समीक्षा की। सभी जनशिक्षकों, एमआईएस ऑपरेटरों एवं बीआरसी को स्मार्ट कक्षाओं के नियमित उपयोग एवं सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिन विद्यालयों में विद्युत आपूर्ति बाधित है, उनकी सूची तैयार कर समय सीमा बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए।

### बैठक से अनुपस्थित जनशिक्षक और स्कूल प्राचार्यों को दिए नोटिस

बैठक के दौरान ब्यावरा विकासखंड के लखनवास संकुल से ऋषभ कान्वेंट, ज्ञान ज्योति, भव्या ग्लोबल तथा गुरुकुल पब्लिक स्कूल, सारंगपुर विकासखंड से संस्कृति विद्यापीठ उदनखेडी, टेंलेट पब्लिक स्कूल सारंगपुर, सागर ज्ञान मंदिर, जीरापुर विकासखंड से एडवास किडस एकेडमी, एस के कान्वेंट जीरापुर, वनशिवम टपरियाहेडी राजगढ विकासखंड कीलखेडा संकुल से ज्ञानस्थली एकेडमी, गुरुकृपा विद्यालयके प्राचार्य को जनशिक्षक द्वारा सूचना के उपरांत भी बैठक में अनुपस्थिति तथा कार्य में प्रगति न करने पर नोटिस जारी किये गए।

## आयांश हॉस्पिटल के रक्तदान शिविर में 102 यूनिट रक्त संग्रहित

### युवाओं और समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा, जरूरतमंदों के लिए दिया जीवनदान का संदेश





**खुजनेर।** नगर के आयांश हॉस्पिटल में गुरुवार को आयोजित विशाल रक्तदान शिविर ने क्षेत्र में नया इतिहास रच दिया। रक्तदान शिविर में 102 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो अब तक के स्थानीय रक्तदान शिविरों में सबसे अधिक बताया जा रहा है। रक्तदान शिविर में थाना प्रभारी रवि ठाकुर एवं नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवाओं, समाजसेवियों और जागरूक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया रक्तदाताओं में युवाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। शिविर के दौरान रक्तदाताओं में सेवा और मानवता का जज्बा देखने को मिला आयांश हॉस्पिटल संचालक डॉ अंकित रोत ने बताया कि संग्रहित रक्त का उपयोग जरूरतमंद मरीजों, दुर्घटना पीड़ितों, गर्भवती महिलाओं तथा गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों के उपचार में किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य जिले की ब्लड बैंक में पर्याप्त मात्रा में रक्त उपलब्ध रहे रक्त की कमी से किसी भी मरीज को परेशानी न हो,यह सुनिश्चित करना था शिविर में रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र एवं सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह भी प्रदान किए गए है आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ''रक्तदान सबसे बड़ा दान है, क्योंकि यह किसी व्यक्ति को नया जीवन देने का माध्यम बनता है शिविर की सफलता के बाद नगरवासियों ने इसे मानव सेवा और सामाजिक जागरूकता की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया है।

## साइबर जागरुकता कार्यशाला आयोजित, ऑनलाइन सुरक्षा के बताए उपाय



**सारंगपुर।** साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए पुलिस विभाग द्वारा साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत नगर के मास्टर माइंड स्कूल एवं सेंट जॉर्ज कॉन्वेंट स्कूल में विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी सहित पुलिस टीम ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं।कार्यशाला के दौरान थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन गेमिंग के दुष्प्रभाव, फर्जी लिंक, साइबर ठगी, ओटीपी साझा करने के जोखिम तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखने के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि अनजान व्यक्तियों द्वारा भेजे गए लिंक, संदेश या कॉल पर बिना सत्यापन विश्वास नहीं करना चाहिए और किसी भी स्थिति में बैंकिंग जानकारी, पासवर्ड अथवा ओटीपी साझा नहीं करना चाहिए। पुलिस टीम ने साइबर अपराध होने की स्थिति में तत्काल शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया भी समझाई तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल की जानकारी दी। विद्यार्थियों को इंटरनेट का सकारात्मक एवं जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका पुलिस अधिकारियों ने सरल एवं व्यवहारिक तरीके से समाधान किया। अंत में स्कूल प्रबंधन ने पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया।

## आपातकाल की याद में मीसाबंदी मांगीलाल सोलंकी का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

देश के लोकतांत्रिक इतिहास के काले अध्याय माने जाने वाले आपातकाल की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ मीसाबंदी एवं समाजसेवी मांगीलाल सोलंकी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने उन्हें शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित करते हुए लोकतंत्र की रक्षा के लिए उनके योगदान को सराहा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हुआ था, लेकिन अनेक लोकतंत्र सेनानियों और मीसाबंदियों ने संघर्ष कर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की। मांगीलाल सोलंकी उन लोगों में शामिल हैं जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन विष्णु पाटीदार, पचोर नगर पालिका अध्यक्ष विकास करोड़िया, सारंगपुर मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, वार्ड पार्षद राकेश पुष्पद तथा मंडल उपाध्यक्ष श्याम सोलंकी सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष को याद करना तथा युवा पीढ़ी को लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान के प्रति जागरूक करना रहा। उपस्थित जनों ने मीसाबंदी मांगीलाल सोलंकी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उनका अभिनंदन किया।

मीसा डीआईआर के तहत जेलों में बंद रहे लोगों को मिलती है शासन से सम्मान निधी

# भाजपा कार्यालय में मीसाबंदियों का हुआ सम्मान, लोकतंत्र रक्षा का लिया संकल्प

**मीसाबंदियों ने बताया: सरकार ने बिना वारंट गिरफ्तारियां की , जेलों में कई दिनों तक बंद रखकर किया गया था मुक्त।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा




आपातकाल (25 जून 1975) की बरसी पर जिला भाजपा कार्यालय में गुरुवार को कार्यक्रम हुआ।

आपातकाल के दौरान जेलों में बंद रहे मीसाबंदियों का शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला दौर बताते हुए उसके अनुभवों को याद किया। सम्मानित मीसाबंदियों में बाबूलाल ताम्रकार, रमन गोयल, गोवर्धन साहू, राजकुमार शर्मा, राजाबाबू मोघे और इमरतलाल यादव शामिल रहे। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि आपातकाल के दौरान बिना वारंट गिरफ्तारियां की गईं और जेलों में अमानवीय परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद लोकतंत्र की बहाली के संकल्प से उनका मनोबल नहीं टूटा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि 25 जून 1975 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला दिन था। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्यामसुंदर शर्मा ने नई पीढ़ी को लोकतांत्रिक मूल्यों से अवगत कराने की आवश्यकता बताई। आपातकाल में नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन हुआ था। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉ राहुल जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि अंत में लोकतंत्र की रक्षा का सामूहिक संकल्प लिया गया। आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष संदीप डोंगर सिंह ने किया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष पंकज पांडे, जिला महामंत्री बलवीर रघुवंशी, संतोष शर्मा, मुकेश चौकसे, सहित नागरिक उपस्थित रहे।

## शिविर में 50 छात्राओं के बने लर्निंग लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

गर्ल्स कॉलेज एनएसएस के तत्वावधान में लर्निंग लाइसेंस निर्माण शिविर लगाया गया। शिविर में जिला परिवहन कार्यालय के राजेंद्र चंद्रवंशी एवं आशीष परिहार ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन और ऑनलाइन लर्निंग लाइसेंस प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने आवेदन, आवश्यक दस्तावेजों और ऑनलाइन टेस्ट संबंधी जानकारी भी साझा की। कार्यक्रम के दौरान करीब 50 छात्राओं के लर्निंग लाइसेंस बनाए गए। प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शांता अहिरवार ने किया। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण, एनएसएस स्वयंसेविकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

### 28 से 30 जून तक चलेगा पोलियो अभियान

**विदिशा।** जिले में पल्स पोलियो अभियान का आयोजन 28 जून से 30 जून तक किया जाएगा। अभियान के प्रथम दिवस 28 जून को जिलेभर में पोलियो बूथ स्थापित किए जाएंगे, जहां 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाई जाएगी। इसके बाद 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर पहुंचकर उन बच्चों को पोलियो की खुराक देंगी, जो किसी कारणवश बूथों तक नहीं पहुंच पाएंगे। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी पोलियो बूथ पर पहुंचकर बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं। विभाग का कहना है कि पोलियो की दो बूंद बच्चों को अपंगता पैदा करने वाली इस गंभीर बीमारी से सुरक्षा प्रदान करती हैं।

## खबर संक्षेप

### सवारी विवादः बस कंडक्टर को पीटा

**देवास**। बसों में सवारी बैठाने को लेकर चल रहे विवाद ने अब मारपीट का रूप ले लिया है। भोपाल से इंदौर जा रही एक यात्री बस के कंडक्टर के साथ बीच सडक़ पर कथित तौर पर मारपीट की गई और 22 हजार रुपए छीन लिए गए। इस घटना के बाद पीड़ित कंडक्टर ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित कंडक्टर नीरज कुशवाहा ने बताया कि यह घटना देवास बस स्टैंड से निकलने के बाद उज्जैन तिराहा से कुछ दूरी पर हुई। उनकी बस देवास क्षेत्र से गुजर रही थी, तभी कुछ लोगों ने स्कूटर बस के आगे लगाकर उसे जबरन रोक लिया। नीरज कुशवाहा के अनुसार, बस रुकते ही उन्हें नीचे उतारा गया और सवारी बैठाने के विवाद को लेकर गाली-गलौज की गई। इसके बाद डंडों और थप्पड़ों से उनके साथ मारपीट की गई। नीरज ने आरोप लगाया है कि इस दौरान उनके पास मौजूद करीब 22 हजार रुपए भी छीन लिए गए। कंडक्टर ने बताया कि हमलावर लगातार यह आरोप लगा रहे थे कि उनकी बस के आगे सवारी क्यों बैठाई जा रही है। इस हंगामे के कारण बस में बैठे यात्री करीब आधे घंटे तक भयभीत और परेशान रहे। बस को आगे नहीं बढऩे दिया गया, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा हुई। स्थिति बिगडऩे पर यात्रियों को दूसरी बस में बैठाकर इंदौर के लिए रवाना किया गया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर कोतवाली थाना पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बिना अनुमति लगाए जा रहे अवैध होर्डिंग पर नगर पालिका ने की कार्रवाई

# अमले ने मुख्य मार्ग और बाजार में लगे होर्डिंग, बैनर हटाने चलाया अभियान

नगर पालिका की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से स्थापित किए जा रहे संपूर्ण होर्डिंग स्ट्रक्चर को हटाकर जब्त कर लिया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर पालिका परिषद आष्टा द्वारा नगर क्षेत्र में सार्वजनिक मार्गों पर किए जा रहे अवैध अतिक्रमण एवं बिना अनुमति स्थापित किए जा रहे होर्डिंग्स के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में भोपाल–पुराना भोपाल-इंदौर मार्ग स्थित जे.के. हॉस्पिटल के सामने बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के एक विशालकाय होर्डिंग स्थापित किए जाने का मामला संज्ञान में आया।सूचना प्राप्त होते ही नगर पालिका की टीम द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि रात्रि के समय लोहे का विशाल होर्डिंग स्ट्रक्चर खड़ा किया जा रहा था।

निरीक्षण के समय तक होर्डिंग का अधिकांश लोहे का फ्रेम एवं संरचना स्थापित की जा चुकी थी। प्रथम दृष्टया उक्त निर्माण के संबंध में नगर पालिका से किसी प्रकार की वैध अनुमति प्राप्त नहीं होना पाया गया तथा सार्वजनिक मार्ग के किनारे अनियमित एवं अवैध रूप से होर्डिंग स्थापित किया जा रहा था, जिससे यातायात एवं जनसुरक्षा प्रभावित होने की आशंका थी।मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री विनोद कुमार प्रजापति के निर्देशन में नगर पालिका की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से स्थापित किए जा रहे संपूर्ण होर्डिंग स्ट्रक्चर को हटाकर जब्त कर लिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उक्त कार्य में अक्षय शर्मा, निवासी सीहोर का नाम सामने आया है। प्रकरण की विधिवत जांच की जा रही है। जांच उपरांत संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध प्रचलित अधिनियमों एवं नियमों के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

साथ ही अवैध निर्माण को हटाने एवं शासकीय संसाधनों के उपयोग में हुए समस्त व्यय एवं हर्जाने की वसूली भी नियमानुसार संबंधित से की जाएगी। इस कार्रवाई में नगर पालिका की ओर से अतिक्रमण प्रभारी कैलाश घेंगट, मनोहर विश्वकर्मा सहित नगर पालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद कुमार प्रजापति ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में बिना वैधानिक अनुमति के किसी भी प्रकार का अतिक्रमण, अवैध होर्डिंग अथवा सार्वजनिक भूमि एवं मार्ग पर अनधिकृत निर्माण किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में तत्काल कार्रवाई करते हुए दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# पुरातन अधिकारी देव बड़ला पहुंचे, निरीक्षण किया

### शीघ्र ही अगला कार्य होगा शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

मां नेवज नदी के उद्गम स्थल व पुरातत्विक धरोहर देवांचल धाम देव बड़ला बिलपान में जल्दी ही होगा पुरातत्व विभाग द्वारा काम शुरू होगा मंदिर समेति के अध्यक्ष ओंकार सिंह भगतजी ने बताया यहां पर 15 मंदिरों के बेस वा अवशेष प्राप्त हुऐ हैं उसमें से अभी तक दो मंदिर बनने के उपरांत लंबे समय से यहां पर काम रूका हुआ है। देव बड़ला स्मारक इंचार्ज कुंवर विजेंद्र सिंह भाटी ने बताया विभाग द्वारा शीघ्र ही देव बड़ला का विकास कार्य प्रारंभ किया जाएगा आगे के कार्य को प्रगति देने के लिए डॉ. रमेश यादव के नेतृत्व में टीम ने मंदिर परिसर का अवलोकन कर डीपीआर तैयार किया पुरातन अधिकारी डॉ. रमेश यादव ने कहा लोक आयुक्त मदन कुमार के द्वारा निर्णय लिया गया है पीछले तीन साल से जो देवबड़ला का कम बंद है उस काम को आगे बढ़ाया जाए जिसमें कुछ मंदिरों का निर्माण कार्य करवाना साथ ही इस परिसर का विकास रिटेनिंग वॉल दोनों तरफ गेट लगाए जाना व विद्युत व्यवस्था की जाना और बोरिंग करवाना ये सब विकास कार्य भी प्रस्तावित डीपीआर में शामिल है शीघ्र यहां पर आगे के कार्य को प्रगति दी जाएगी संभवता अगले महीने ही कार्य प्रारंभ हो सकता है।

### मीसाबंदी का स्वागत किया



**आष्टा**। 25 जून इमरजेंसी काला दिवस के अवसर पर शहर के मीसाबंदी फूल चंद्र ताम्रकार का युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनीष धारवा के नेतृत्व में शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला के उपाध्यक्ष रूपेश राठौर, नितिन महाकाल, पवन वर्मा, जितेंद्र ताम्रकार चन्चू उपस्थित थे।

# पेयजल संकट से मिलेगी राहत, बोर खनन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही मांग और जलसंकट के स्थाई समाधान को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका द्वारा वार्ड क्रमांक 1 अलीपुर स्थित हनुमान मंदिर के समीप नए बोर खनन (ट्यूबवेल) कार्य का विधि-विधान से शुभारंभ किया गया। इस नए बोर के खनन से क्षेत्र के कई मोहल्लों के हजारों नागरिकों और श्रद्धालुओं को सीधे तौर पर सुविधा मिलेगी। बोर खनन कार्य का शुभारंभ नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा एवं वार्ड पार्षद डॉ. सलीम खान द्वारा पूजा-अर्चना और श्रीफल चढ़ाकर किया गया। नगरपालिका द्वारा उठाए गए इस कदम से अलीपुर हनुमान मंदिर के आसपास के क्षेत्रों सहित कई प्रमुख रहवासी इलाकों को पेयजल आपूर्ति में बड़ी राहत मिलेगी। मुख्य रूप से डोराबाद, रोशनपुरा, बिस्तारियापुरा, पीली खदान क्षेत्रवासियों को इस बोर खनन का लाभ होगा। जलसंकट के समय नहीं भटकना पड़ेगा - नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि परिषद का मुख्य उद्देश्य नगर के प्रत्येक नागरिक को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। गर्मी या किसी भी विपरीत मौसम में नागरिकों को पानी के लिए दूर न भटकना पड़े, इसी को ध्यान में रखते हुए यह त्वरित निर्णय लिया गया है। श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों की सुविधा के लिए यह बोर बेहद मददगार साबित होगा। खनन कार्य पूर्ण होते ही जल्द ही इसे चालू कर जल प्रदाय व्यवस्था से जोड़ दिया जाएगा। इस शुभारंभ अवसर पर पार्षद कमलेश जैन, रवि शर्मा, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, चेतन छाजेड़, शंकर पांचाल, बाबूलाल पांचाल, अंकित पांचाल, गोलू पांचाल, रमेश पांचाल, जुगलकिशोर मालवीय, राहुल पांचाल, मनोज पांचाल, ओमप्रकाश पांचाल, मनोज गोस्वामी, संजय गोस्वामी आदि मौजूद थे।

# जावर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने आपातकाल के काले अध्याय को याद कर मनाया काला दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




भारतीय जनता पार्टी जावर मंडल द्वारा भारतीय लोकतंत्र पर लगाए गए आपातकाल के विरोध और उसके काले अध्याय को स्मरण करने हेतु 25 जून को काला दिवस के रूप में मनाया। वरिष्ठ भाजपा नेता बाबूलाल पटेल द्वारा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा भारत में आपातकाल लगाए जाने के विषय में कार्यकर्ताओं को विस्तार से बताया। तथा स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया। मंडल अध्यक्ष विजेंद्र ठाकुर द्वारा बताया कि 25 जून 1975 को भारत में इंदिरा गांधी द्वारा अपनी कुर्सी बचाने के लिये ओर भारत में लोकसभा चुनाव न हो सके इसके लिए आपातकाल लगा कर संविधान की हत्या कर, लेखकों, पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा आम लोगों को गिरफ्तार कर प्रताड़ति किया गया था। लगभग एक करोड़ लोगों की जबरदस्ती नसबंदी की गई थी। जिसमें करीब दो हजार लोगों की मृत्यु हो गई थी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, जिला मंत्री जयसिंह ठाकुर, शिवम सोनी, मनोज वैद्य, कैलाश सोलंकी, दयाराम परिहार, गोविन्दराम मालवीय, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र ठाकुर, वीरेंद्र ठाकुर, योगेश भावसार, राजू भावसार, हेमंत गोयल, अजय ठाकुर, कृष्णपाल सिंह, मुकेश,बंटी राठौर, संजू मालवीय, देवकरण पाठोंदिया, जीवन मालवीय सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अवैध मदिरा संग्रहण व विक्रय के विरुद्ध विभाग ने की कार्रवाई

**देवास**। जिले में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कडी में आबकारी विभाग द्वारा देवास में कार्यवाही कर 10 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 1200 किलो ग्राम महुआ लाहन बरामद किया। कार्यवाही में कुल 05 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत दर्ज किए गए,जप्त सामग्री का बाजार मूल्य लगभग 1 लाख 22 हजार रुपये है। आबकारी उप निरीक्षक प्रेम यादव, राज खन्ना, योगेंद्र सिंह, आबकारी मुख्य आरक्षक दीपक धुरिया, आबकारी आरक्षक बालकृष्ण जायसवाल शामिल रहे।

### ग्राम राजोदा में स्वास्थ्य व महिला-बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने किया संयुक्त निरीक्षण

**देवास**। कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं की मानिटरिंग और व्यवस्थाओं को अधिक बेहतर बनाने स्वास्थ्य एवं महिला-बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने ग्राम राजोदा में उप स्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनबाड़ी का संयुक्त निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक तथा कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास साबिर अहमद सिद्दीकी ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने हितग्राहियों के घर जाकर नवजात शिशु की गृह आधारित देखभाल, 3 माह से 15 माह तक के बच्चों की देखभाल, गंभीर कुपोषण तथा मध्यम कुपोषणबच्चों की स्थिति की जानकारी ली।

### जिला अभिभाषक संघ चुनाव में अधिवक्ताओं में दिखा भारी उत्साह, 832 मतदाताओं ने किया मतदान

**देवास**। जिला न्यायालय परिसर में गुरूवार को हुए जिला अभिभाषक संघ के वार्षिक चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। गुरुवार को सुबह से शुरू हुए मतदान में अधिवक्ताओं ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। चुनाव में कुल 880 से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें से समाचार लिखे जाने तक लगभग 832 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया था। मतदान प्रक्रिया शाम 5 बजे तक शांतिपूर्ण ढंग से जारी रही। पूरे दिन न्यायालय परिसर में चुनावी माहौल बना रहा। विभिन्न पदों के प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ मतदाताओं से संपर्क करते और समर्थन जुटाते नजर आए। परिसर में चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं के बीच खासा उत्साह एवं चर्चा का माहौल बना रहा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र बापट एवं अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी रघुवीर यार्दी ने बताया कि मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। मतदान समाप्त होने के बाद मतपेटियों को सुरक्षित रखा गया। मतगणना की प्रक्रिया रात करीब 10 बजे तक पूरी होने की संभावना है, जिसके बाद जिला अभिभाषक संघ चुनाव के परिणामों की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। चुनाव परिणाम को लेकर प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में उत्सुकता बनी हुई है।



### सेफ क्लिक 2.0 अभियान के दूसरे दिन पुलिस ने चलाया साइबर जागरूकता अभियान

# पुलिस ने स्कूलों, कॉलेजों और हॉट बाजारों में किया जागरुक





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित राज्य स्तरीय विशेष साइबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 के दूसरे दिन गुरुवार को जिलेभर में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अभियान के तहत देवास जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में स्कूलों, महाविद्यालयों, हाट-बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और सामुदायिक क्षेत्रों में नागरिकों एवं विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रमों में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने लोगों को ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रॉड, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग, फर्जी निवेश योजनाओं, साइबर ब्लैकमेलिंग तथा क्यूआर कोड फ्रॉड सहित विभिन्न साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी।इस दौरान सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, डिजिटल भुगतान करते समय बरती जाने वाली सावधानियों और व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखने के उपाय भी बताए गए। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

विद्यार्थियों ने सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने तथा अपने परिवार और समाज को भी साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों को बताया कि यदि वे किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी का शिकार होते हैं, तो स्वर्णिम समय (गोल्डन ऑवर) का लाभ उठाते हुए तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें अथवा www.cybercrime.gov.in पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर धोखाधड़ी की राशि सुरक्षित रखने का प्रयास किया जा सके।

पुलिस ने बताया कि ₹सेफ क्लिक 2.0 अभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में भी जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे, जिससे प्रत्येक नागरिक को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक और सुरक्षित बनाया जा सके।

# सेंट जॉन स्कूल में प्रवेश उत्सव आयोजित किया



**चापड़ा**। सेंट जॉन हायर सेकेंडरी स्कूल, चापड़ा में गुरुवार को पेट्रन्स डे एवं प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैथोलिक डायोसिस इंदौर के धर्माध्यक्ष बिशप थॉमस मैथ्यू रहे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में फादर मार्टिन उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बिशप थॉमस मैथ्यू, विद्यालय संचालक फादर सोनी एंटनी, प्राचार्या सिस्टर अर्पिता, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के बैंड दल द्वारा किया गया, जिसकी आकर्षक प्रस्तुति ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रवेश उत्सव के अंतर्गत विद्यालय में नवप्रवेशित सहित सभी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। अपने उद्बोधन में बिशप थॉमस मैथ्यू ने विद्यालय परिवार को पेट्रन्स डे एवं प्रवेश उत्सव की शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक उपलब्धियों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के दोनों स्टाफ सेक्रेटरी यश पंचोली और श्रद्धा गुप्ता द्वारा किया गया।कार्यक्रम के समापन पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए बिशप थॉमस मैथ्यू, फादर सोनी एंटनी, सिस्टर अर्पिता एवं विद्यालय परिवार द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया।